राजस्थान सरकार
सैनिक कल्याण विभाग

क्रमांकः प.7(1)सै.क./2024 जयपुर, दिनांकः 06.06.2024

विज्ञापन

राजस्थान में जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों के रिक्त पदों पर सावधि सेवा के आधार पर नियुक्ति एवं पैनल बनाये जाने हेतु कर्नल, ले. कर्नल या मेजर रैंक के समकक्ष सेवानिवृत्त भारतीय सेना के स्थाई कमीशण्ड अधिकारियों अथवा नेवी या भारतीय एयर फोर्स के उक्त पदों के समकक्ष पदों से सेवानिवृत्त ऐसे अधिकारियों से प्रार्थना पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जो कि राजस्थान के मूल निवासी हों तथा राजस्थान की रीति रिवाजों से परिचित हो और जिन्हें एक या इससे अधिक राजस्थान की बोलियों का ज्ञान हो।

सेवा की अन्य शर्तें निम्न प्रकार होगी :—

1. नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु 01.01.2024 को 57 वर्ष है।
2. सेवा संतोषप्रद होने की स्थिति में सावधि सेवा की अवधि उक्त पद पर 60 वर्ष की उम्र तक के लिए ही होगी, उसके पश्चात सेवा में नहीं रखा जावेगा।
3. चयनित होने के उपरांत नियुक्त अधिकारियों का मासिक वेतन नियमानुसार निर्धारित किया जावेगा।
4. सेवा के दौरान अधिकारी की सेवायें संतोषजनक नहीं होने पर सावधि सेवा अवधि किसी भी समय एक माह के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है।
5. चयनित अधिकारी मकान किरांया भत्ता और यात्रा भत्ता राज्य सरकार के नियमों के अनुसार लेने का पात्र होगा।
6. सामान्यतया इनका पदस्थापन गृह जिले में नहीं किया जायेगा।

इच्छुक प्रार्थी प्रार्थना पत्र मय प्रमाण पत्रों/दस्तावेज की फोटो प्रति के साथ कक्ष संख्या 5111, मुख्य भवन, प्रथम तल, शासन सचिवालय, जयपुर राजस्थान में दिनांक 15.07.2024 को सायं 5.00 बजे तक व्यक्तिगत/पोस्ट द्वारा अथवा ई मेल soskv2022@gmail.com पर भी भिजवाये जा सकते हैं।

(भरत कुमार सौखिया)
शासन वरिष्ठ उप सचिव

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र

(1) प्रार्थी का नाम
(2) आई.सी. नं., रैंक एवं नाम
(3) पिता का नाम और स्थाई निवास स्थान
(4) जन्म तिथि
(5) शैक्षणिक योग्यता शैक्षणिक संस्थाओं जहां शिक्षा प्राप्त की, का विवरण। हायर सैकण्डरी से (कक्षा वर्ष श्रेणी)
(6) कमीशन का प्रकार।
(7) कमीशन प्राप्ति का दिनांक
(8) सैना से सेवानिवृति या सेवा छोड़ने का दिनांक
(9) सेना से सेवा छोड़ने का कारण
(10) मेडिकल बोर्ड के अनुसार मेडिकल केटेगरी, यदि मेडिकल केटेगरी निम्नतम रही हो तो मेडिकल बोर्ड द्वारा आरोपित प्रतिबन्ध का विवरण।
(11) सेवा का संक्षिप्त विवरण (महत्वपूर्ण नियुक्तियों का विवरण सम्मिलित करते हुए, उल्लेख करें कि किस-किस तिथि को सैन्य कोर्स, किस-किस ग्रेडिंग से किया गया)।
(12) डाक का वर्तमान पता, मोबाईल नम्बर एवं ई मेल आई डी।
(13) राजस्थान का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र संबंधित उपखण्ड दण्डनायक (एस.डी.एम.) द्वारा जारी किया हुआ प्रार्थना पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें।

नोट :- प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां संलग्न करें।

DIPR/C/4029/2024 हस्ताक्षर प्रार्थी